सत्यमेव जयते

# सप्तदश

# बिहार विधान सभा

## अष्टम सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 03 चैत्र, 1945 (श०) / 24 मार्च, 2023 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या **124**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ऊर्जा विभाग | .. | .. | 24 |
| (2) | स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 72 |
| (3) | पर्यटन विभाग | .. | .. | 12 |
| (4) | आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | 06 |
| (5) | योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | 04 |
| (6) | विधि विभाग | .. | .. | 06 |
| | | | कुल योग -- | 124 |

## दोषी पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई

*2419. श्री गोपाल रविदास (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ0जा0))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पुनपुन सुरक्षा बाँध से पसंगागंज-भाया-बछड़ा रोड से हरनीचक-अनिशाबाद तक पथ निर्माण विभाग से नये सिरे से पक्की रोड का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें रोड के बीचों-बीच बिजली का पोल और तार, जिसे हटाया नहीं गया है जिससे भारी नुकसान होने की संभावना है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बीच रोड से पोल तार हटाकर रोड के किनारे गाड़ने का तथा लापरवाही करने वाले बिजली विभाग के पदाधिकारी को दंडित करने का विचार रखती है ?

--------

## मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की स्थापना

*2420. श्री राजेश कुमार (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा (अ0जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्रदेश के सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल खोलने का राज्य सरकार का नीतिगत निर्णय है, किन्तु औरंगाबाद जिला में मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल खोलने की अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, यदि हाँ, तो सरकार औरंगाबाद में कबतक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## उप-स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण

*2421. श्री प्रमोद कुमार सिन्हा (क्षेत्र संख्या-10 रक्सौल)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत रक्सौल प्रखंड के हरदिया पंचायत में दो उप-स्वास्थ्य केन्द्र प्रस्तावित है, जिसमें एक भवनहीन है और दूसरा भाड़े के एक छोटे भवन में संचालित होने के कारण स्थानीय जनता को इलाज कराने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक हरदिया पंचायत के उप-स्वास्थ्य केन्द्रों का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## स्वास्थ्य उप-केन्द्र बनाना

*2422. श्री मोहम्मद नेहालउद्दीन (क्षेत्र संख्या-224 रफीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत प्रखंड रफीगंज के पंचायत चौबड़ा के ग्राम-गुलजारबाग में स्वास्थ्य उप-केन्द्र नहीं होने से ग्रामवासियों को इलाज हेतु लगभग 10 किलो मीटर दूर रफीगंज स्वास्थ्य उप-केन्द्र जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पंचायत चौबड़ा के ग्राम-गुलजारबाग में स्वास्थ्य उप-केन्द्र बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आधुनिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना

*2423. श्रीमती ज्योति देवी (क्षेत्र संख्या-228 बाराचट्टी (अ0जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड बोधगया के चेरकी बाजार में एक अतिरिक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र संचालित है, जहाँ तीन प्रखंड शेरघाटी, गुरूआ तथा परैया के रोगी नजदीक होने एवं बेहतर इलाज हेतु आते है, परन्तु डॉक्टर, नर्स, पर्याप्त जगह एवं आधुनिक चिकित्सा सुविधा के अभाव में रोगियों को इलाज के लिये शेरघाटी अथवा गया जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक चेरकी अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र में आधुनिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण कराना

*2424. श्री कृष्ण कुमार ऋषि (क्षेत्र संख्या-59 बनमनखी (अ0जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के बनमनखी प्रखंड अन्तर्गत कुल 20 स्वास्थ्य उप-केन्द्र के लिये भूमि उपलब्ध रहने के बावजूद भी अपना भवन नहीं रहने के कारण मरीजों का इलाज बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक भवन का निर्माण कराकर विधिवत स्वास्थ्य उप-केन्द्र का संचालन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन निर्माण कराना

*2425. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बखरी अनुमंडल अस्पताल का लगभग 4 वर्ष पूर्व निविदा होने के बावजूद भी बखरी अनुमंडलीय अस्पताल का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने के कारण लगभग 32 किलो मीटर की दूरी तय करके मरीजों को इलाज हेतु जिला मुख्यालय सदर अस्पताल जाना पड़ता है जिसमें काफी कठिनाई के साथ-साथ मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रहना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल का भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बिजली सुविधा मुहैया कराना

*2426. श्री मुकेश कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखंड पंचायत, बेलहियाँ, वार्ड नम्बर 7, माथ टोला जहाँ बिन्द समुदाय के 50 घर के लोग रहते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त 50 परिवार के लोग आजतक वायरिंग एवं पोलिंग नहीं होने के कारण बिजली सुविधा से वंचित है जिससे उक्त टोला में जीवन बसर करने वाले लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त टोला में बिजली सुविधा मुहैया कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करना

*2427. श्री मुरारी मोहन झा (क्षेत्र संख्या-86 केवटी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के सिंहवाड़ा प्रखंड अवस्थित टेकटार पंचायत के मधुपुर ग्राम में पौराणिक मान्यता के अनुसार वहां का पोखर एवं श्यामा धाम काली मंदिर का बहुत ही महत्व है, जहां सालों भर भक्तों का आना-जाना लगा रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक श्यामा धाम काली मंदिर को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

फार्मासिस्ट की नियुक्ति में उम्र सीमा में छूट

*2428. श्री महा नंद सिंह (क्षेत्र संख्या-214 अरवल)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विभागीय पत्रांक 432 (देशी चिकित्सा), दिनांक 4 जुलाई, 1983 के आदेश के आलोक में फार्मासिस्ट की नियुक्ति में प्रशिक्षित आयुर्वेदिक एवं यूनानी कंपाउंडर को प्राथमिकता देने का प्रावधान है एवं पत्रांक 97 (देशी चिकित्सा), दिनांक 25 मार्च, 1995 द्वारा सरकार ने नियुक्ति का आदेश भी दिया है परंतु लगभग 4000 प्रशिक्षित एवं निबंधित आयुर्वेदिक एवं यूनानी कंपाउंडर की बहाली अबतक नहीं किये जाने के कारण प्रशिक्षु कंपाउंडर की उम्र काफी बढ़ गई है, यदि हाँ, तो सरकार अपने आदेश के आलोक में प्रशिक्षित आयुर्वेदिक एवं यूनानी कंपाउंडर (आयुष फार्मासिस्ट) की उम्र सीमा में छूट के साथ कब तक नियुक्ति का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

न्याय दिलाना

*2429. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 28 दिसम्बर, 2022 को प्रकाशित शीर्षक ''48000 कांड लंबित, 131 में ही सजा'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में वर्ष 2022 में सामान्य वाद के 47994 तथा स्पीडी ट्रायल के 865 मामले विभिन्न अदालतों में लंबित है, जबकि 131 कांडों में ही सजा सुनायी गयी है, जबकि नवादा, अरवल, बक्सर, बेगूसराय तथा सासाराम में किसी भी कांड में किसी भी अभियुक्त को कोई सजा नहीं दी गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कांड लंबित रहने के कारण न्याय मिलने में विलम्ब से आर्थिक क्षति के साथ-साथ लोगों को अन्य परेशानी का भी सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त लंबित मामलों को निबटारा कराकर लोगों को न्याय दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है। माननीय उच्च न्यायालय के प्राप्त आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2022 के अंत तक सामान्य वाद (Title Suits-Civil Matters) के 2,42,828 मामले लंबित है तथा स्पीडी ट्रायल के 5400 मामले लंबित है। वर्ष 2022 के दौरान पूरे राज्य में 852 स्पीडी ट्रायल के मामलों में सजा सुनायी गयी है, जिनमें नवादा में 2, अरवल में 2, बक्सर में 43, बेगूसराय में 3 एवं रोहतास (सासाराम) में 17 स्पीडी ट्रायल के मामले शामिल है।

(2) स्वीकारात्मक है।

(3) वस्तुस्थिति यह है कि न्यायपालिका से प्राप्त निदेश/अनुरोध के आलोक में राज्य सरकार द्वारा न्यायालयों के लिए आधारभूत संरचना का निर्माण, पदों का सृजन एवं अतिरिक्त न्यायालयों का गठन किया जाता है।

जहाँतक न्यायाधीन मामलों के जल्द-से-जल्द निष्पादन का प्रश्न है, यह न्यायपालिका के क्षेत्राधिकार में है।

चिकित्सा सुविधा प्रदान करना

*2430. श्री चन्द्रहास चौपाल (क्षेत्र संख्या-72 सिंहेश्वर (अ0 जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जननायक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल, सिंहेश्वर, मधेपुरा में मानक के अनुरूप चिकित्सा हेतु जांच सुविधा, कमरे, बेड सहित चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मी नहीं है, जिससे कोशी क्षेत्र के लोगों को इलाज कराने में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मेडिकल कॉलेज में मानक के अनुरूप चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मी के पदस्थापन सहित सभी सुविधा प्रदान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर खोलना

*2431. श्री जिवेश कुमार (क्षेत्र संख्या-87 जाले)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदेश में 108 आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर खोलने की स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिससे बिहार में 40 सेंटर संचालित है परन्तु जाले प्रखंड में अबतक यह सेंटर नहीं खोला गया है, जबकि इस प्रखंड के बंद पड़े गंगेश्वर स्थान स्थित आयुर्वेदिक औषधालय के पास पर्याप्त जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अन्यत्र पदस्थापित करना

*2432. श्री विश्वनाथ राम (क्षेत्र संख्या-202 राजपुर (अ0 जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के राजपुर प्रखंड अंतर्गत सी0एस0सी0 राजपुर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी वर्ष 2004-05 से पदस्थापित है परंतु स्थानीय राजनीति में सम्मिलित रहकर मरीजों का उपचार नहीं करते हैं तथा अपने अधीनस्थ कर्मियों को प्रताड़ित करते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के कार्यों की जांच कर अन्यत्र पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत् ट्रांसफॉर्मर बदलना

*2433. श्री शकील अहमद खाँ (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई अनुमंडल क्षेत्र में 25 के0वी0 का लगभग 30 विद्युत् ट्रांसफॉर्मर पिछले एक वर्ष से खराब होने के कारण किसानों को फसल की सिंचाई करने में काफी कठिनाई हो रही है, जिसको विभागीय अभियंताओं की लापरवाही के कारण नहीं बदला गया है, यदि हाँ, तो सरकार लापरवाही बरतने वाले विभागीय अभियंताओं पर कार्रवाई करने एवं उक्त सभी विद्युत् ट्रांसफॉर्मर को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत आपूर्ति में सुधार कराना

*2434. श्री मुहम्मद इजहार असफी (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अंतर्गत कोचाधामन प्रखंड अंतर्गत सराय पावर सब-स्टेशन के डेरामारी कृषि फीडर की लम्बाई अधिक होने के कारण विद्युत् आपूर्ति प्रायः बाधित रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त फीडर में विद्युत् आपूर्ति बाधित होने के कारण किसान को सिंचाई में काफी परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त फीडर से सुचारू रूप से विद्युत् आपूर्ति हेतु सुधार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चहारदीवारी निर्माण कराना

*2435. श्री विद्या सागर केशरी (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखंड के परवाहा बाल गोपाल ठाकुरबाड़ी बहुत पुराना मंदिर है जहां काफी संख्या में श्रद्धालु आते रहते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करते हुये इसका सौंदर्यीकरण एवं चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमण

*2436. श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत सुपौल प्रखंड के अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र हरदी में चिकित्सक एवं मूलभूत सुविधा की कमी के कारण रोगियों को सदर अस्पताल सुपौल जाना पड़ता है, जिसकी दूरी लगभग 20 कि०मी० है, यदि हाँ, तो सरकार अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र हरदी को मूलभूत सुविधाओं के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

रेडियोलॉजिस्ट का पदस्थापन

*2437. श्री कृष्ण कुमार ऋषि (क्षेत्र संख्या-59 बनमनखी (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत अनुमंडलीय अस्पताल, बनमनखी में मरीजों के समुचित इलाज के लिये आधुनिक अल्ट्रसाउंड मशीन है, परंतु रेडियोलॉजिस्ट प्रतिनियुक्त नहीं रहने से मरीजों को अन्यत्र ज्यादा खर्च कर अल्ट्रासाउंड कराना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सुरक्षित नौकायान की व्यवस्था

*2438. श्री सूर्यकान्त पासवान (क्षेत्र संख्या-147 बखरी (अ०जा०))--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला स्थित कावर झील एशिया की सबसे बड़ी मीठे जल की झील है और यहां प्रत्येक वर्ष हजारों की संख्या में पर्यटक नौका विहार का लुफ्त उठाने आते है किन्तु यहां पर्यटकों के लिये सुरक्षित नौकायान की व्यवस्था नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पर्यटकों के लिये सुरक्षित नौकायान की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अन्यत्र स्थानांतरित करना

*2439. श्री अली अशरफ सिद्दीकी (क्षेत्र संख्या-158 नाथनगर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार के परिपत्र संख्या 3918, दिनांक 25 अक्टूबर, 1980 के अनुसार कोई भी अधिकारी तीन वर्ष से अधिक अवधि तक एक ही स्थान पर पदस्थापित नहीं

रह सकता है परंतु उक्त परिपत्र का उल्लंघन कर श्री महेश कुमार, सहायक अभियंता, न्यू कैपिटल डिवीजन, पेसु, पटना को पिछले पाँच वर्षों से पदस्थापित रखा गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपर्युक्त परिपत्र का अनुपालन कर श्री महेश कुमार को अन्यत्र स्थानांतरित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मुआवजा और घायलों को बेहतर इलाज

*2440. श्री गोपाल रविदास (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ०जा०))--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र दिनांक 7 फरवरी, 2023 को छपी खबर के शीर्षक ''लीक हो रही थी गैस, माचिस जलाते ही हुआ जोरदार धमाका, पाँच झुलसे'' के आलोक में क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जोरदार धमाका की आवाज से बगल के 50 वर्षीय पड़ोसी गणेश प्रसाद जो मूलतः प्रखंड नौबतपुर, जिला पटना के रहने वाले है, की मृत्यु हो गयी ;

(2) क्या यह बात सही है कि बड़ी हादसा के बावजूद गेस कंपनी ने पीड़ित परिवार को न तो उचित मुआवजा दिया और न ही बेहतर इलाज की व्यवस्था ही की है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक पीड़ित मृतक के परिवार को सरकारी नियमानुसार गैस कंपनी से उचित मुआवजा और घायलों को बेहतर इलाज सम्बंधित कम्पनी से कराने की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नया भवन बनाकर बेड बढ़ाना

*2441. श्री संजय सरावगी (क्षेत्र संख्या-83 दरभंगा)--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र दिनांक 02 मार्च, 2023 में प्रकाशित शीर्षक ''डी०एम०सी०एच० के इमरजेंसी में है मात्र 21 बेड, रोज आते हैं 200 से 250 मरीज'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि डी०एम०सी०एच० में गंभीर इलाज के लिये 200 से 250 मरीज प्रतिदिन आते हैं लेकिन गंभीर बीमारी से ग्रस्त मरीजों के इलाज के लिये मात्र 21 बेड ही उपलब्ध है, जिसके कारण किसी मरीज को फर्श पर तो किसी मरीज को ट्रॉली पर इन्तजार करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक डी०एम०सी०एच के इमरजेंसी में नया भवन बनाकर बेड बढ़ाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्वास्थ्य उप-केन्द्र की स्थापना

*2442. श्री ऋषि कुमार (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत ओबरा प्रखंड के गैनी पंचायत के ग्राम परिहारा एवं आस-पास के गांवों एवं टोलों की आबादी 3000-3500 है, परंतु स्वास्थ्य उप-केन्द्र नहीं होने के कारण ग्रामवासियों को 5 किलोमीटर दूर अतिरिक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र, खुदवा जाना पड़ता है, जिसके कारण ग्रामीणों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक ग्राम परिहारा में स्वास्थ्य उप-केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन की बाध्यता खत्म करना

*2443. श्री मनोज मंजिल (क्षेत्र संख्या-195 अगिआँव (अ०जा०))--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि 2009 के बाद लॉ कर रहे छात्रों को ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन पास करना अनिवार्य है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में 40 वर्ष आयु तक के अधिवक्ताओं को स्टाईपेंड और 60 वर्ष के ऊपर आयु के अधिवक्ताओं को पेंशन नहीं दिया जाता है जबकि उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में स्टाईपेंड और पेंशन दिया जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन की बाध्यता खत्म करने तथा अधिवक्ताओं को स्टाईपेंड और पेंशन देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चहारदीवारी का निर्माण

*2444. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ०ज०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत किशनपुर पंचायत के प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र, बलवाघट्टी में चहारदीवारी नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वहां चहारदीवारी निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मुआवजा राशि दिलाना

*2445. श्री राहुल तिवारी (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के बिहियां प्रखंड के अन्तर्गत ग्राम-साहोडीह, पो०-वीरपुर के अंकित कुमार चौधरी, पिता-महेन्द्र चौधरी की मृत्यु दिनांक 14 मार्च, 2019 को सड़क दुर्घटना में हो चुकी है, लेकिन अभीतक मृतक के आश्रित को कोई मुआवजा की राशि नहीं मिल पाई है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मृतक के आश्रित परिवार को मुआवजा की राशि दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

लकड़ी के बेंच की वैकल्पिक व्यवस्था

*2446. श्री सुधाकर सिंह (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ़)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के विद्यालयों में बेंच एवं डेस्क लकड़ी का बनाया जा रहा है तथा लकड़ी से बने हुये बेंच एवं डेस्क के लिये पेड़ काटे जाने के कारण पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार जनहित में विद्यालय में बेंच एवं डेस्क, लकड़ी से बनाने के जगह अन्य कौन-से विकल्प पर कबतक विचार करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना की परिचालित मार्गदर्शिका में सरकारी विद्यालयों तथा राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अनुदानित उच्च/इंटर विद्यालयों, जिसकी भूमि महामहिम राज्यपाल के नाम से निबंधित है, में बेंच डेस्क की व्यवस्था का प्रावधान है।

उल्लेखनीय है कि कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी के दौरान सम्पूर्ण देश में लॉकडाउन के फलस्वरूप बड़ी संख्या में राज्य से बाहर रहने वाले बिहार लौटे वैसे श्रमिक/बढ़ई, जिन्हें बेंच डेस्क निर्माण करने का पूर्ण तकनीकी ज्ञान एवं अनुभव है, को उनकी कार्य कुशलता एवं निपुणता के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया कि शैक्षणिक संस्थानों में बेंच डेस्क की आपूर्ति हेतु प्रकाशित की जाने वाली निविदा में यह शर्त अनिवार्य रूप से रखा जाये कि "सफल निविदादाता/आपूर्तिकर्ता को बेंच-डेस्क का निर्माण संबंधित शैक्षणिक संस्थान में ही स्थानीय मजदूर जिसमें राज्य के बाहर से आने वाले मजदूर भी शामिल

हैं, से कराना होगा तथा बेंच-डेस्क के निर्माण में लोहा का उपयोग नहीं किया जायेगा। बेंच-डेस्क का फ्रेम शीशम की लकड़ी का होगा एवं पटरा आम की लकड़ी का होगा।"

योजना एवं विकास विभाग द्वारा लिये गये निर्णय से वन संरक्षण के किसी भी प्रावधानों का उल्लंघन नहीं होता है। पर्यावरण के हित में वन संरक्षण हेतु सरकार द्वारा पूर्व से निर्गत सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरश: पालन किया जाता है।

---

नियुक्ति/समायोजन करना

*2447. श्री सत्यदेव राम (क्षेत्र संख्या-107 दरौली (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि माननीय पटना उच्च न्यायालय के सी०डब्लू०जे०सी० 6434/083, 7279/08, 7285/08, 1591/08 तथा एम०जे०सी० 4528/2014 के आदेश के आलोक में डी०डी०टी० छिड़काव कर्मियों का समायोजन/नियुक्ति किया जाना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि न्यायालय के आदेश के आलोक में उच्चस्तरीय चयन समिति का गठन कर 1985 से 2011 तक के पैनल का वरीयता सूची तैयार कर वेबसाइट पर अपलोड की जा चुकी है तथा समाचार-पत्रों में वरीयता सूची प्रकाशित कर दावा आपत्ति की माँग करते हुये उसका निराकरण कर रोस्टर क्लीयरेंस भी करा ली गयी ;

(3) क्या यह बात सही है कि न्यायालय के आदेश के 10 वर्षों के बीत जाने के बाद भी अभीतक समायोजन/नियुक्ति नहीं की गयी है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त कर्मियों का नियुक्ति/समायोजन करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उप-स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण

*2448. श्री वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-9 सिकटा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला अन्तर्गत मैनाटांड प्रखंड के डमरापुर में पुराना स्वास्थ्य उप-केन्द्र भवन ध्वस्त हो चुका है, जिस कारण मैनाटांड के डमरापुर, चौहट्टा, बरवा परसौनी जैसे पंचायत के नागरिकों को इलाज हेतु 12-14 कि०मी० दूर मैनाटांड सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक डमरापुर में उप-स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भर्ती मरीजों के लिये नाश्ता एवं भोजन का प्रबंध

*2449. श्री जितेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-171 अस्थावां)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल में भर्ती मरीजों को प्रावधान के अनुरूप नाश्ता/भोजन आदि की व्यवस्था है, परंतु जिला के अन्य चिकित्सा केन्द्रों में प्रावधान के बावजूद नाश्ता/भोजन भर्ती मरीजों को नहीं मिलता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जिला के अन्य चिकित्सा केन्द्रों पर प्रावधान के अनुरूप भोजन का प्रबंध भर्ती मरीजों के लिये कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चिकित्सकों का पदस्थापन

*2450. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के ताजपुर रेफरल अस्पताल में चिकित्सकों के मात्र 4 पद ही सृजित हैं जो मानक के अनुरूप नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक ताजपुर रेफरल अस्पताल में मानक के अनुरूप चिकित्सकों के पदस्थापन का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाना

*2451. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत विधान सभा क्षेत्र झंझारपुर में पंचानंद महादेव मंदिर, झंझारपुर, गौरीशंकर स्थान जमथर, महादेव स्थान वार्ड नम्बर 3, झंझारपुर, विदेश्वर स्थान भीठ भगवानपुर, विदेश्वर स्थान झंझारपुर, सूर्य मंदिर, परसा धाम, स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किये जाने की परियोजना वर्ष 2014 से ही विभाग में लम्बित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अपर सचिव, पर्यटन विभाग, बिहार, पटना ने पत्रांक 2561, दिनांक 30 नवम्बर, 2022 के माध्यम से जिला पदाधिकारी, मधुबनी से उक्त स्थलों के भूमि के स्वामित्व, नक्शा, अनापत्ति प्रमाण-पत्र तथा निर्माणोपरान्त रख-रखाव की व्यवस्था संबंधी प्रतिवेदन उपलब्ध कराने की माँग की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य केन्द्र भवन का जीर्णोद्धार

*2452. श्री अनिल कुमार (क्षेत्र संख्या-231 टिकारी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत कोंच प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, आँति एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोराप का भवन विगत 20 वर्षों से जर्जर होने के कारण आमजनता को इलाज कराने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत् आपूर्ति सुचारू रूप से कराना

*2453. श्री विद्या सागर केशरी (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखंड के रमै, खैरखां, परवाहा, पिपरा, कुशमाहा, औराही, बथनाहा में कृषि फीडर से अधिकांश किसानों को विद्युत् आवंटन नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिन किसानों को कृषि फीडर से विद्युत् आपूर्ति की भी गई है, उन किसानों को भी फीडरों से विद्युत् आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं होने के कारण उनकी सिंचाई प्रभावित हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त वर्णित पंचायतों में कृषि फीडर द्वारा विद्युत् आपूर्ति सुचारू रूप से कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मेडिकल कॉलेज को मुंगेर विश्वविद्यालय के अधीन करना

*2454. श्री प्रणव कुमार (क्षेत्र संख्या-165 मुंगेर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि द टेम्पल ऑफ हनीमैन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल, मुंगेर जो वर्तमान में बी0आर0अम्बेदकर विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर में संचालित होता है जिससे यहाँ के छात्रों को विश्वविद्यालय संबंधी कार्य के लिये मुजफ्फरपुर जाना पड़ता है जबकि मुंगेर में अब मुंगेर विश्वविद्यालय कार्यरत है, यदि हाँ, तो सरकार इस मेडिकल कॉलेज को मुंगेर विश्वविद्यालय के अधीन कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

समिति के गठन की कार्रवाई करना

*2455. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत एकंगरसराय प्रखंड के ग्राम-तारापुर में स्थित उदासीन संगत मठ में न्याय समिति का गठन करने हेतु स्वच्छ छवि के दस व्यक्तियों का नाम उपलब्ध कराने हेतु प्र0 स0 अधीक्षक, बि0 स0 धा0 न्यास परिषद्, पटना के पत्रांक 2339, दिनांक 23 जुलाई, 2021 द्वारा अंचलाधिकारी, एकंगरसराय को निर्देश दिया गया था, जिसपर अबतक कोई कार्रवाई नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक विलम्ब के लिये दोषी पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये न्यास समिति के गठन की कार्रवाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चिकित्सकों का पदस्थापन करना

*2456. श्री रत्नेश सादा (क्षेत्र संख्या-74 सोनवर्षा (अ0जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक महिला चिकित्सक एवं सहसौल, विराटपुर, लगमा एवं मुंगवार के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक भी चिकित्सक नहीं है, जिससे आमजनों को चिकित्सा कराने में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड के प्राथमिक एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों का पदस्थापन कर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कटाव निरोधक कार्य कराना

'क'-*2457. श्री ऋषि कुमार (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत ओबरा प्रखंड के महुआव पंचायत के विशुनपुरा ग्राम के तट से तुलसी चबूतरा बगीचा तक बरसात में पुनपुन नदी के तेज बहाव से कटाव होता है, जिससे ग्रामीणों की जमीन नदी में समाहित हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वर्णित स्थल पर कटाव निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्मार्ट मीटर की गड़बड़ी से होने वाली समस्या का समाधान

*2458. श्री प्रेम कुमार (क्षेत्र संख्या-230 गया टाउन)--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 4 अगस्त, 2022 को प्रकाशित शीर्षक ''स्मार्ट प्रीपेड मीटर की तेजी बिगाड़ रही बिजली खपत का गणित'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में 9.5 लाख से अधिक स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग चुका है, लेकिन बिजली खपत में कोई संतुलन नहीं है, किसी उपभोक्ता को एक दिन 30 रुपया की खपत की जानकारी देने वाला मीटर अगले दिन 300 खपत की सूचना देता है, उपभोक्ता जब इंजीनियर से स्मार्ट प्रीपेड मीटर के बारे में जानकारी लेते हैं तो उन्हें फ्रांस की कम्पनी द्वारा मीटर लाये जाने की जानकारी देकर पल्ला झाड़ देते हैं एवं समस्या का समाधान नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मीटर में गड़बड़ी के कारण बिजली खपत का गणित बिगड़ने की समस्या को दूर कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'क'-आपदा प्रबंधन विभाग के ज्ञापांक 1139, दिनांक 17 मार्च, 2023 द्वारा जल संसाधन विभाग में स्थानान्तरित ।

स्वास्थ्य उप-केन्द्र भवन का निर्माण

*2459. श्री पवन कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखंड अन्तर्गत सनोखर पंचायत के ग्राम-रणजीतगढ़ में स्वास्थ्य उप-केन्द्र स्वीकृत है, परन्तु स्वास्थ्य उप-केन्द्र का अपना भवन नहीं होने के कारण स्वास्थ्य उप-केन्द्र का सेन्टर गांव में स्थानीय लोगों के दरवाजे पर चलता है, जबकि ग्राम-रणजीतगढ़ में पर्याप्त सरकारी भूमि उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक रणजीतगढ़ में स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

व्यावसायिक बिजली कनेक्शन को कृषि श्रेणी में बदलना

*2460. श्री अजीत शर्मा (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में नर्सरी के लिए बिजली कनेक्शन को व्यावसायिक श्रेणी में दिया जाता है, जबकि राजस्थान, छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों में कृषि श्रेणी में बिजली कनेक्शन दिया जाता है, यदि हाँ, तो सरकार नर्सरी को दिये जाने वाले बिजली कनेक्शन को कबतक व्यावसायिक के बदले कृषि श्रेणी में करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

टीकाकारण लक्ष्य की प्राप्ति

*2461. श्री भीम कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में लगभग 1272 गायों में लिम्पी वायरस की पुष्टि हो चुका है जो अभी और तेजी से फैल रहा है तथा इस आलोक में सरकार द्वारा लगभग डेढ़ करोड़ पशुओं का टीकाकरण कराने का लक्ष्य रखा गया है परंतु टीकाकरण धीमी गति से होने के कारण लक्ष्य पूरा करने में काफी लंबा समय लगने की सम्भावना है, यदि हाँ, तो सरकार लिम्पी वायरस में मरने वाले पशुओं के लिए मुआवजा देने एवं डेढ़ करोड़ टीकाकरण का लक्ष्य कबतक प्राप्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाना

*2462. श्री प्रहलाद यादव (क्षेत्र संख्या-167 सूर्यगढ़ा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के सूर्यगढ़ा प्रखंड अंतर्गत मां जल्लया स्थान तथा श्रृंगी ऋषि धाम में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु मुंडन एवं पूजा अर्चना करने आते हैं तथा लगन में शादी का आयोजन करते हैं, परंतु वहाँ समुचित आवासीय सुविधा के अभाव में आने वाले लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों स्थानों में आवासीय सुविधा बहाल कर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

खेतों तक विद्युत् पहुँचाना

*2463. श्री आलोक रंजन (क्षेत्र संख्या-75 सहरसा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किसानों को खेत पटवन के लिए कृषि फीडर द्वारा विद्युत् आपूर्ति की जाती है, किन्तु सहरसा जिला अंतर्गत कहरा प्रखंड के मोहनपुर पंचायत के गांव विशनपुर में दो ट्रांसफॉर्मर एवं तार, सिरायदेयपट्टी पंचायत के कई ट्रांसफॉर्मर सहित जिला के अधिकांश कृषि ट्रांसफॉर्मर या तो चोरी हो गई या खराब है, जिस कारण किसान डीजल इंजन उपकरण से खेती की सिंचाई करते हैं, जिससे किसानों पर आर्थिक बोझ पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सहरसा जिला के सभी जगहों का सर्वे करवाकर चोरी हुए एवं खराब पड़े ट्रांसफॉर्मर एवं तार को बदलकर किसानों के खेतों तक विद्युत् पहुँचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नये भवन का निर्माण

*2464. श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल के पिपरा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत किशनपुर प्रखंड के उप-स्वास्थ्य केन्द्र, परसा-माधो भवनहीन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उप-स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रतिनियुक्त ए0एन0एम0, नर्स एवं अन्य कर्मी निजी भवन में चलाने को मजबूर हैं जबकि उप-स्वास्थ्य केन्द्र हेतु सरकारी जमीन उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित उप-स्वास्थ्य केन्द्र के नये भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

'ख'-*2465. डॉ0 रामानुज प्रसाद (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सोनपुर नगर पंचायत अन्तर्गत अंग्रेजी बाजार में मेहुरा नदी पार करते हुए एन0एच0 19 तक सड़क एवं पुल का निर्माण नहीं होने के चलते विश्वविख्यात सोनपुर हरिहर क्षेत्र मेला में आने-जाने वाले पर्यटकों एवं सोनपुर अनुमंडलीय क्षेत्र से अनुमंडल मुख्यालय आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मेला एवं अनुमंडल मुख्यालय से सीधा सम्पर्क हेतु अंग्रेजी बाजार से मेहुरा नदी पार करते हुए एन0एच0 19 तक सड़क एवं पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

केबलिंग कराना

*2466. श्री ललन कुमार (क्षेत्र संख्या-154 पीरपैंती (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती प्रखण्ड के गोविंदपुर दियारा पावर स्टेशन में जो 33 हजार वोल्ट का हाईटेंशन नंगा तार ग्रामीणों के घर से ऊपर से गुजरने के कारण आये दिन दुर्घटना घटित होती रहती है जिससे ग्रामीण काफी भयभीत रहते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँव से गुजरने वाली नंगे तार को कभरिंग कर केबलिंग कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'ख'-योजना एवं विकास विभाग के ज्ञापांक 1360, दिनांक 10 मार्च, 2023 द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग में स्थानांतरित ।

चिकित्सक की पदस्थापना

*2467. श्री विनय कुमार चौधरी (क्षेत्र संख्या-80 बेनीपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अनुमंडल अस्पताल, बेनीपुर में अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित है किन्तु अल्ट्रासाउंड करने वाले चिकित्सक का संविदा समाप्त हो जाने के कारण दो महीने से मरीजों का अल्ट्रासाउंड नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अल्ट्रासाउंड करने वाले चिकित्सक का पदस्थापना करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पावर प्लांट लगाना

*2468. श्री ललन कुमार (क्षेत्र संख्या-154 पीरपैंती (अ०जा०))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के पीरपैंती प्रखंड में बिहार सरकार द्वारा पावर प्लांट के लिये सुन्दरपुर, तड़वा, मुड़वा, हरिणकोल एवं श्रीमतपुर मौजों में किसानों के भूमि का अधिग्रहण किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अधिग्रहित किये गये किसानों के भूमि का मुआवजा राशि में विसंगतियों के कारण किसान आंदोलन करते रहते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसानों के मुआवजे राशि के विसंगतियों को दूर करते हुये वहाँ पावर प्लांट लगाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चहारदीवारी का निर्माण

*2469. श्री प्रफुल्ल कुमार मांझी (क्षेत्र संख्या-240 सिकन्दरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत सिकन्दरा प्रखंड पंचायत महादेव सिमरिया के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की चहारदीवारी नहीं रहने से स्थानीय लोगों द्वारा प्राथमिक स्वा० केन्द्र के भूमि को अतिक्रमण करने के साथ जानवरों को प्रांगण में बांधने से मरीजों को चिकित्सा में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित प्रा०स्वा० केन्द्र के भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराते हुये चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन निर्माण कार्य पूर्ण कराना

*2470. श्रीमती प्रतिमा कुमारी (क्षेत्र संख्या-127 राजापाकर (अ०जा०))--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत भगवानपुर प्रखंड के शेरपुर सहिलोरी टोला में संत रविदास स्मृति भवन के निर्माण हेतु वर्ष 2020-21 में तत्कालीन दिवंगत माननीय सदस्य द्वारा की गयी अनुशंसा के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी, तेघड़ा द्वारा भवन निर्माण की कार्रवाई प्रारंभ करायी गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्मृति भवन के निर्माण स्थल पर असामाजिक तत्वों द्वारा फुस का झोपड़ी बनाकर निर्माण कार्य बाधित कर दिया गया है, जबकि प्रखंड विकास पदाधिकारी, भगवानपुर को दण्डाधिकारी भी नियुक्त किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्मृति भवन निर्माण स्थल से अतिक्रमण हटाने एवं भवन निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान

*2471. श्री मिथिलेश कुमार (क्षेत्र संख्या-28 सीतामढ़ी)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के डुमरा अंचल में हुये आगजनी क्षतिपूर्ति राशि के भुगतान हेतु अंचलाधिकारी के पत्रांक 448, दिनांक 25 जून, 2021 द्वारा जिला आपदा प्रबंधक को भेजे गये पत्र के आलोक में आगजनी में हुये क्षति का क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान अबतक नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त क्षति का भुगतान का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

दोषी के विरुद्ध कार्रवाई

*2472. श्री भीम कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि माननीय विधायकों के पत्र पर कृत कार्रवाई से एक माह के अंदर माननीय सदस्यों को अवगत कराना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा पत्रांक 252, दिनांक 24 मार्च, 2022 एवं पत्रांक 473, दिनांक 20 दिसम्बर, 2022 द्वारा क्रमशः प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, रेफरल अस्पताल, हसपुरा, औरंगाबाद तथा डी०पी०एम०, औरंगाबाद के विरुद्ध माननीय मुख्यमंत्री को लिखा गया जिसे विभाग में तीन दिन बाद भेजा गया परन्तु अभीतक विभाग द्वारा इसपर कोई कार्रवाई नहीं की गई है और नहीं किसी कृत कार्रवाई से प्रश्नकर्ता को अवगत कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रश्नकर्ता के दोनों पत्रों पर कृत कार्रवाई से अवगत नहीं कराने के विरुद्ध कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

हॉस्टल का निर्माण

*2473. श्री अजीत शर्मा (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, भागलपुर में फर्स्ट ईयर के विद्यार्थियों के लिये हॉस्टल नहीं रहने के कारण उन्हें निजी आवासों में किराये पर रहना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मेडिकल स्टूडेंट के लिये हॉस्टल का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

निर्माणाधीन भवन की उच्चस्तरीय जांच

*2474. श्री हरिशंकर यादव (क्षेत्र संख्या-108 रघुनाथपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत रघुनाथपुर एवं हुसैनगंज प्रखंड स्थित क्रमशः रेफरल अस्पताल, रघुनाथपुर उप-स्वास्थ्य केन्द्र, मरहौली, उप-स्वास्थ्य केन्द्र, हुसैनगंज के करहनु में डेढ़ वर्ष से अस्पताल का भवन निर्माण कार्य प्रारंभ है, जिसमें विभागीय पदाधिकारी एवं संवेदक के मिलीभगत से भवन निर्माण कार्य प्राक्कलन के परिशिष्ट के अनुरूप नहीं किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित निर्माणाधीन अस्पताल भवनों की उच्चस्तरीय जांच कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

अस्पताल की मरम्मती एवं चिकित्सकों के लिये आवास निर्माण

*2475. श्रीमती रश्मि वर्मा (क्षेत्र संख्या-3 नरकटियागंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत नरकटियागंज विधान सभा स्थित अनुमंडलीय अस्पताल काफी पुराना होने के कारण जगह-जगह से टूट कर गिर रहा है तथा इस अस्पताल में चिकित्सकों के लिये आवास नहीं है जिससे मरीजों एवं चिकित्सकों को परेशानी होती है जबकि परिसर में पर्याप्त जमीन उपलब्ध है यदि हाँ, तो सरकार अस्पताल की मरम्मती के साथ अस्पताल परिसर में डॉक्टरों के लिये आवास का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

एक्स-रे एवं अल्ट्रासाउण्ड मशीन लगाना

*2476. श्री देवेश कान्त सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरेयाकोठी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत प्रखंड गोरेयाकोठी एवं प्रखंड बसंतपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में न तो एक्स-रे मशीन है और न ही अल्ट्रासाउण्ड मशीन है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखडों के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दोनों मशीन लगवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाना

*2477. श्री सुधाकर सिंह (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के नुआंव प्रखण्ड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाने के लिये राज्य सरकार द्वारा निर्देशित किये जाने के पश्चात् अस्पताल के निर्माण हेतु टेंडर की प्रक्रिया 2021 में होने के बाद 2022 में रद्द कर दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कैमूर जिला के नुआव प्रखण्ड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को कबतक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना

*2478. श्रीमती अरूणा देवी (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के वारिसलीगंज प्रखण्ड अन्तर्गत शाहपुर बाजार घनी आबादी का क्षेत्र है, किन्तु यहां पर इलाज हेतु कोई स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जनहित में शाहपुर बाजार में एक अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कार्य प्रारंभ कराना

*2479. श्री राम विशुन सिंह (क्षेत्र संख्या-197 जगदीशपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर विधान सभा क्षेत्र के जगदीशपुर प्रखंड में ढाकाकरम, शिवपुर डीहरी, हेतमपुर स्वास्थ्य उप-केन्द्र एवं पीरो प्रखंड में धनपुरा, राजापुर, छेदी टोला (जितौरा) स्वास्थ्य उप-केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृत होने के बाद भी संवेदक द्वारा अभीतक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक दोषी पर कार्रवाई करते हुये निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

भवन का निर्माण

*2480. श्री जितेंद्र कुमार (क्षेत्र संख्या-171 अस्थावां)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कतरी सराय का स्थल चयन होने के बावजूद भवन का निर्माण नहीं हो पा रहा है, जिससे स्वास्थ्य केन्द्र पर आगंतुक मरीजों के भवन नहीं होने के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कतरीसराय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के नया भवन का निर्माण मरीजों के हित में यथाशीघ्र कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

विद्युतीकरण कराना

*2481. डॉ० निक्की हेम्ब्रम (क्षेत्र संख्या-162 कटोरिया(अ०ज०जा०))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिला अन्तर्गत कटोरिया प्रखंड के मनिया पंचायत के बुटवरिया ग्राम के कोड़ीयानी टोला एवं मोथाबाड़ी पंचायत के कुशीदोल ग्राम के कोल टोला में क्रमश: 08 एवं 20 घरों का अबतक विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार इन घरों का कबतक विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमण

*2482. श्री जनक सिंह (क्षेत्र संख्या-116 तरैया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के प्रखण्ड तरैया अन्तर्गत स्वास्थ्य उप-केन्द्र पचरौड की दूरी तरैया रेफरल अस्पताल से 7 कि०मी० पर है, जिस कारण स्थानीय मरीजों को इलाज में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र पचरौड़ को कबतक अतिरिक्त प्रा० स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण

*2483. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ0जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मझुआ पश्चिम का अपना भवन नहीं रहने के कारण स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मझुआ पश्चिम का भवन निर्माण कर लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बिजली का कनेक्शन

*2484. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बेगूसराय प्रखंड के चाँदपुरा पंचायत के लगभग हजारों किसानों को बिजली की आपूर्ति अभीतक नहीं की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा सात निश्चय के अन्तर्गत हर खेत में किसानों को सिंचाई सुविधा हेतु बिजली की आपूर्ति के लिये अभियान चलाया गया है परन्तु उक्त पंचायत के किसानों द्वारा दिये गये आवेदनों पर आजतक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है जिस कारण सिंचाई के अभाव में फसल की बुआई नहीं हो सकी है और किसान भूखमरी के कगार पर है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायत के किसानों को उनके आवेदन के आलोक में बिजली का कनेक्शन दिये जाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1), (2) एवं (3) वस्तुस्थिति यह है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बेगूसराय प्रखंड के चाँदपुरा पंचायत में कैम्प में 34 आवेदन एवं सुविधा पोर्टल के माध्यम से 35 आवेदन प्राप्त हुये, जिसके विरुद्ध जनवरी, 2023 तक 19 कृषि विद्युत् संबंध प्रदान किये जा चुके हैं। कैम्प में प्राप्त आवेदनों के लिये संरचना का निर्माण करते हुये तैयार संरचनाओं की परिधि में इच्छुक किसानों को कृषि विद्युत् संबंध देने का कार्य मुख्यमंत्री कृषि विद्युत् संबंध योजना के आकार के अनुरूप किया जा रहा है। योजना का कार्य अंतिम चरण में है।

राज्य सरकार द्वारा सात निश्चय "हर खेत तक सिंचाई का पानी" के अन्तर्गत विद्युत् पम्प सेटों के माध्यम से पटवन हेतु विद्युत् संबंध प्रदान करने के लिये डेडिकेटेड कृषि फीडर की व्यवस्था एवं पटवन हेतु अतिरिक्त विद्युत् संबंध प्रदान करने के लिये संरचना के निर्माण हेतु आर0डी0एस0एस0 योजना स्वीकृत है इस योजना के कार्यान्वयन हेतु निविदा के माध्यम से एजेंसी के चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। कार्यादेश निर्गत करने का लक्ष्य मार्च, 2023 है।

--------

वायरिंग एवं पोलिंग की व्यवस्था

*2485. श्री मुकेश कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखंड नानपुर के पंचायत भदियन, वार्ड नम्बर 5, ग्राम-छोटी भदियन में 70 परिवार बाँस-बल्ला पर बिजली जलाते हैं, वायरिंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण उपभोक्ताओं को काफी कठिनाई होती है तथा बाँस-बल्ला पर तार होने के कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वार्ड नम्बर 5 में वायरिंग एवं पोलिंग की व्यवस्था कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध करना

*2486. श्री राम सिंह (क्षेत्र संख्या-4 बगहा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के बगहा अनुमंडलीय अस्पताल का ब्लड बैंक वर्तमान में बंद पड़ा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल के एक्स-रे मशीन सुचारू रूप से 24 घंटे नहीं चल पा रहा है ;

(3) क्या यह बात सही है कि अनुमंडलीय अस्पताल जहाँ 4-5 प्रखंडों के मरीज रेफर होकर अपने बेहतर उपचार हेतु आते हैं, वहाँ ई0सी0जी0 की सुविधा नहीं है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में ब्लड बैंक चालू कराने, एक्स-रे मशीन 24 घंटा चलाने तथा ई0सी0जी0 की सुविधा उपलब्ध करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

ऊर्जा उत्पादन का केन्द्र स्थापित करने

*2487. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में ऊर्जा उत्पादन के कुल 6 केन्द्र बाढ़ कहलगाँव, नवीनगर, काँटी तथा बरौनी स्थापित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2018 तक काँटी और बरौनी विद्युत् ताप घर राज्य सरकार के अधीन था जिन्हें वर्ष 2018 में केन्द्रीय पुल को सौंप दिया गया ;

(3) क्या यह बात सही है कि वर्तमान में राज्य के अधीन एक भी ऊर्जा उत्पादन का केन्द्र स्थापित नहीं है जबकि बगल के राज्य झारखंड में 2, उडिशा में दो और पश्चिम बंगाल में 6 केन्द्र राज्य सरकार के अधीन चल रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या राज्य में राज्य सरकार के अधीन ऊर्जा उत्पादन का एक भी केन्द्र नहीं होने का क्या औचित्य है ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक । बिहार राज्य में कोयला आधारित विद्युत् उत्पादन के 6 केन्द्र है जो बाढ़, कहलगाँव, नवीनगर, काँटी तथा बरौनी स्थानों पर स्थापित है ।

(2) स्वीकारात्मक ।

(3) वर्तमान में बिहार राज्य में राज्य के अधीन कोयला आधारित कोई ताप विद्युत् प्रतिष्ठान नहीं है ।

(4) बिहार राज्य के कजरा (जिला-लखीसराय) एवं पीरपैंती (जिला-भागलपुर) में सौर ऊर्जा आधारित विद्युत् उत्पादन केन्द्र की स्थापना हेतु कार्य आरंभ है ।

--------

चिकित्सकों के पदस्थापन एवं विशेष चिकित्सा उपकरण की व्यवस्था

*2488. श्री मुकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-126 महुआ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के महुआ अनुमंडल अस्पताल में जनसंख्या के अनुरूप विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य उपकरणों की कमी के कारण मरीजों को एक्स-रे, अल्ट्रासाउण्ड एवं पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधा मिलने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अनुमंडलीय अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों के पदस्थापन एवं विशेष चिकित्सा उपकरणों को उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

अस्पताल खोलना

*2489. श्रीमती विभा देवी (क्षेत्र संख्या-237 नवादा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला नवादा के प्रखंड रजौली, स्थित फुलवरिया डेम के चारों ओर बसे ग्राम-सिंगर, मेरमो, धानेखाप, सुअरलेटी, कुम्भीयातरी और खिड़कीया पंचायत हरदिया तथा डेम से पश्चिम ग्राम-परतैनिया पीपरा, चोरडीहा, डेलवा, जमुन्दाही, भराही एवं नावाडीह में स्वास्थ्य सुविधा हेतु अस्पताल नहीं रहने के कारण पहाड़ पारकर मरीजों को सुदूर क्षेत्र स्थित अस्पतालों में उपचार हेतु जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपरोक्त ग्रामों के लोगों को स्वास्थ्य लाभ हेतु अस्पताल खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

खराब अल्ट्रासाउण्ड मशीन चालू करवाना

*2490. श्री महा नंद सिंह (क्षेत्र संख्या-214 अरवल)--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र दिनांक 27 फरवरी, 2023 को छपी खबर के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पी0एम0सी0एच0 में पूरे बिहार के मरीजों की संख्या के अनुसार 5 (पाँच) अल्ट्रासाउण्ड मशीन है, जिसमें तीन खराब है, जिस कारण मरीजों को परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक PMCH में अल्ट्रासाउण्ड की खराब मशीन चालू करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

### पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करना

*2491. श्री राजेश कुमार गुप्ता (क्षेत्र संख्या-208 सासाराम)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के तिलौथु प्रखंड अंतर्गत तुलजा भवानी मंदिर है, जहाँ प्रति वर्ष लाखों श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मंदिर में आवश्यक सुविधा का अभाव होने के कारण श्रद्धालुओं को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस मंदिर परिसर का सौन्दर्यीकरण करने के साथ पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

### विधिक लिपिक के कल्याण हेतु कार्रवाई

*2492. श्री पंकज कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-29 रून्नीसैदपुर)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार लिपिका महासंघ, के सदस्यों को राज्य के प्रत्येक न्यायालय में अधिवक्ता के साथ कार्यरत विधिक लिपिक जो भिन्न-भिन्न नामों से जाने जाते है के लिए न्यायालय में न्याय से संबंधित कार्य करने के लिए भवन उपलब्ध नहीं रहने तथा इनके कल्याण की कोई व्यवस्था नहीं होने से इन्हें कार्य करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिससे न्यायालय आने वाले लोग भी प्रभावित होते हैं, यदि हाँ, तो सरकार राज्य के सभी न्यायालय में विधिक लिपिक (अधिवक्ता लिपिक/मुंशी) के लिए भवन निर्माण, विधिक लिपिक अधिनियम काउंसिल एवं कल्याण कोषी की स्थापना कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--अस्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि न्यायालयों में काम करने वाले अधिवक्तागण स्वतंत्र रूप से विधि व्यवसाय करते हैं, इनके साथ संबद्ध लिपिक (विधि लिपिक/अधिवक्ता लिपिक/मुंशी) इनके सहायतार्थ निजी रूप से जुड़े होते हैं ।

अतएव ऐसी स्थिति में अधिवक्ताओं के साथ संबद्ध लिपिक (विधि लिपिक/अधिवक्ता लिपिक/मुंशी) के लिए भवन निर्माण एवं अन्य कल्याणकारी कार्य किया जाना सरकार का वैधानिक दायित्व नहीं है।

--------

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण

*2493. श्री दामोदर रावत (क्षेत्र संख्या-242 झाझा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के झाझा प्रखंड के धमना पंचायत में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भवन के अभाव में संचालित नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, धमना का भवन निर्माण कराकर उसे संचालित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### पर्यटकों के लिए मंदिर को विकसित किया जाना

*2494. श्रीमती मंजु अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी विधान सभा के डोभी प्रखण्ड के ग्राम पंचायत कुरमावा के ग्राम खरने की स्थित पंचबहिनी में एतिहासिक देवी माता का मंदिर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एतिहासिक देवी माता का मंदिर में श्रावण पूर्णिमा, अमावस्या, महाशिवरात्रि एवं अन्य पर्वों पर आस-पास के चार-पाँच प्रखंडों के हजारों-हजार श्रद्धालुओं का आगमन होता है ;

(3) यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मंदिर को पर्यटन के उद्देश्य से विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ब्याज की राशि की माफी

*2495. श्रीमती मंजु अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत में एजेंसी द्वारा प्रदान की जाने वाली पहले की बिजली बिल की तुलना में वर्तमान बिजली बिल में अचानक काफी बढ़ोतरी हुई है, जिसका 2.5% ब्याज भी जोड़ा जाता है। जिससे उपभोक्ताओं के साथ-साथ BPL कार्डधारियों को बिल चुकाने में काफी परेशानी होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिजली बिल में भारी गड़बड़ी के कारण सिर्फ एक बल्ब जलाने वालों के घर पर भी एक हजार रुपयों से अधिक का बिल भेजा जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिजली बिल में सुधार एवं ब्याज की राशि कबतक माफ करने का विचार करती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा देना

*2496. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला अंतर्गत दुल्हिनबाजार प्रखंड के ठलार भागा बिगहा गांव के निवासी अनिल कुमार के 15 वर्षीय पुत्र करण कुमार की दिनांक 25 जुलाई, 2022 को ब्रजपात गिरने से मृत्यु हो गई थी, लेकिन परिजनों द्वारा सारी प्रक्रियाओं को पूरा कर लेने के बावजूद भी उन्हें अभीतक मुआवजा नहीं मिला है, यदि हाँ, तो सरकार इन्हें कबतक मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदाधिकारी का स्थानांतरण

*2497. श्री सुदामा प्रसाद (क्षेत्र संख्या-196 तरारी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नियमानुसार सभी विभागों में तीन साल बाद पदाधिकारियों का स्थानान्तरण कर दिया है परंतु जिला कार्यक्रम प्रबंधक पटना के पद पर एक ही व्यक्ति सात साल से तैनात है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इन्हें अन्यथा स्थानांतरण करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का जीर्णोद्धार कराना

*2498. श्रीमती बीमा भारती (क्षेत्र संख्या-60 रूपौली)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत रेफरल अस्पताल रूपौली का भवन जर्जर अवस्था में है, जिससे बरसात के दिनों में रखे दवा एवं जाँच उपकरण का उपयोग नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जर्जर भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण

*2499. श्री जनक सिंह (क्षेत्र संख्या-116 तरैया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के इशुआपुर प्रखंड अन्तर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कुम्हैला का अपना भवन नहीं होने के कारण निजी मकान में भाड़े पर संचालित है, जिसके कारण रोगियों को पर्याप्त सुविधा नहीं मिल पा रही है, जबकि अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कुम्हैला हेतु अपना जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अतिरिक्त प्रा० स्वास्थ्य केन्द्र, कुम्हैला का अपना भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण

*2500. श्री महबूब आलम (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का अपना कोई स्वतंत्र भवन नहीं रहने के कारण बारसोई अनुमंडल परिसर में एक हॉलनुमा कमरा से संचालित किया जा रहा है जिसमें करीब 10 टेबुल के साथ स्वास्थ्य कर्मी एवं केन्द्र प्रभारी को बैठने की तंग व्यवस्था है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के नियंत्रणाधीन 34 उप-स्वास्थ्य केन्द्र तथा 4 अतिरिक्त स्वास्थ्य केंन्द्रों का संचालन इतने कम संसाधन में बहुत कठिन है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बारसोई प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हेतु सम्पूर्ण स्वास्थ्य सुविधा संपन्न भवन व परिसर का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पावर सब-स्टेशन का निर्माण

*2501. डॉक्टर संजीव कुमार (क्षेत्र संख्या-151 परबत्ता)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत महेशखुंट पूर्णतः ओवर लोडेड फीडर है, जिससे 10 किलो मीटर दूर गोगरी नगर परिषद् एवं मुंगेर जिले के कई इलाके में इस फीडर से विद्युत् आपूर्ति होती है, जिससे यहां के लोगों को प्रतिदिन बिजली ट्रिपिंग की समस्या का सामना करना पड़ता है जबकि गोग्री नगर परिषद् क्षेत्र और परबत्ता के नयागांव में विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र स्वीकृत है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इन दोनों जगहों पर पावर सब-स्टेशन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ;

-------------

डॉक्टरों का पदस्थापना कराना

*2502. श्री राम विशुन सिंह (क्षेत्र संख्या-197 जगदीशपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के जगदीशपुर रेफरल एवं अनुमंडल अस्पतालों में स्वीकृत बलों के अनुपात में डॉक्टरों की संख्या काफी कम रहने के कारण ऑर्थो एवं गाइनी रोगियों को चिकित्सा कराने हेतु आरा या पटना स्थित अस्पतालों में जाना पड़ता है, जिस कारण कुछ मरीजों की मृत्यु तक हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अस्पतालों में स्वीकृत बल के अनुसार डॉक्टरों का पदस्थापना कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पंचायत रोजगार सेवकों को एसिक से जोड़ा जाना

'ग'- *2503. श्री गुंजेश्वर साह (क्षेत्र संख्या-77 महिषी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के पंचायत रोजगार सेवकों को चिकित्सा सुविधा नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पंचायत रोजगार सेवकों को कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ई०एस०आई०सी०) से जोड़ने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्वास्थ्य उप-केन्द्र का निर्माण

*2504. श्री चन्द्रहास चौपाल (क्षेत्र संख्या-72 सिंहेश्वर (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के बेलदौर प्रखंड अंतर्गत बोबिल पंचायत में अनुसूचित जाति बाहुल्य बोबिल फुलवडिया गांव की आबादी दस हजार से भी अधिक है परंतु इस क्षेत्र में कोई भी स्वास्थ्य केन्द्र नहीं होने के कारण यहां के लोगों को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बोबिल-फुलवडिया में स्वास्थ्य उप-केन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

निक्षय पोषण योजना का कार्यान्वयन

*2505. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि टी०बी० से ग्रसित मरीजों के लिये केन्द्र सरकार प्रायोजित निक्षय पोषण योजना के तहत प्रत्येक टी०बी० मरीज को हर महीने पाँच सौ रुपये पोषण राशि दी जानी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना, अरवल, पूर्णियाँ, पश्चिम चम्पारण, मुजफ्फरपुर, रोहतास, भोजपुर, गोपालगंज, छपरा, सीवान सहित 27 जिलों में 1,41,000 टी०बी० मरीज चिन्हित किये गये हैं, जिसमें मात्र 72 हजार टी०बी० मरीजों को ही निक्षय पोषण योजना का लाभ मिला तथा 69 हजार टी०बी० मरीज निक्षय पोषण योजना के लाभ से वंचित हैं, जिसका कारण राज्य के 15 जिलों में टी०बी० पदाधिकारी का पद रिक्त होना है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक निश्चय योजना के कारगर कार्यान्वयन के लिये कौन-से कदम उठाने का विचार रखती है ?

------------

पर्यटन स्थल घोषित करना

*2506. श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह (क्षेत्र संख्या-193 बड़हरा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बड़हरा में गंगा, सोन एवं सरयू का संगम है परंतु पर्यटकीय विकास नहीं होने के कारण लोग कम संख्या में आ पाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बड़हरा में अवस्थित गंगा, सोन एवं सरयू के संगम स्थल को पर्यटन स्थल घोषित कर पर्यटकीय विकास कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'ग'-स्वास्थ्य विभाग के ज्ञापांक 103 (13), दिनांक 17 मार्च, 2023 के द्वारा पंचायती राज विभाग में स्थानांतरित ।

दोषी एजेंसी पर कार्रवाई

*2507. श्री प्रेम कुमार (क्षेत्र संख्या-230 गया टाउन)--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 14 अगस्त, 2023 को प्रकाशित शीर्षक "स्मार्ट प्रीपेड मीटर एक पर नियमित नहीं मिल रही बैलेंस की सूचना, अचानक कट जा रही बिजली" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के राजधानी पटना में 3.50 लाख से अधिक स्मार्ट प्रीपेड मीटर ऐप पर अधिकांश उपभोक्ताओं को रोज बिजली खपत की समस्या, मीटर लगाने पर मीटर चार्ज एवं बिजली बिल का एक साथ बैलेस से काट लेना, फिक्स चार्ज प्रतिदिन काटना, बिजली खपत का शुल्क नहीं काटने और एकाएक बिजली गुल हो जाने जैसी समस्याओं के कारण उपभोक्ताओं को बिजली कार्यालय में चक्कर लगाना है और इस संबंध में माननीय मुख्यमंत्री जी के आश्वासन के बाद भी बिजली कंपनी अपने सर्विस में सुधार नहीं कर पा रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपभोक्ताओं को हो रही समस्याओं में सुधार कराने के साथ ही एजेंसी पर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी की प्रतिनियुक्ति

*2508. श्री मुहम्मद इजहार असफी (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत किशनगंज प्रखण्ड के बेलवा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक भी जी०एन०एम० नहीं होने, पर्याप्त संख्या में ए०एन०एम० के नहीं होने तथा मात्र एक ही डॉक्टर के होने के साथ ही स्वास्थ्य केन्द्र में न तो एक्स-रे की व्यवस्था और न ही दंत चिकित्सक है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर, ए०एन०एम०, जी०एन०एम० और दंत चिकित्सक की नियुक्ति सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी की नियुक्ति का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

बुद्धकालीन मूर्तियों एवं अवशेष का संरक्षण

*2509. श्री राजीव कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-164 तारापुर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत असरगंज प्रखंड के चौर गाँव पंचायत अन्तर्गत ढोलपहाड़ी एवं लगमा गाँव में बुद्धकालीन मूर्ति एवं उनके अवशेष खुदाई के क्रम में मिल रहे हैं, परंतु इसपर सरकार द्वारा कोई निर्णय नहीं लिये जाने के कारण दुर्लभ अवशेषों के संरक्षण के बजाय उसका क्षरण हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक ढोलपहाड़ी एवं लगमा गाँव में विद्यमान बुद्धकालीन मूर्ति एवं अवशेष की खुदाई एवं जाँच के लिये इन स्थानों को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को सौंपे जाने के निर्णय के साथ पर्यटन मानचित्र पर लाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

भवन का निर्माण

*2510. डॉ० निक्की हेम्ब्रम (क्षेत्र संख्या-162 कटोरिया (अ०ज०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिला अन्तर्गत कटोरिया प्रखंड के दामोदरा पंचायत में दोलभंगा एवं बौसी प्रखंड के असनाहा पंचायत के डुमरीथरी एच०एस०सी० (हेल्थ सब-सेंटर) का अपना भवन नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंडों में एच०एस०सी० का भवन निर्माण हेतु दामोदरा पंचायत के बुढ़ीघाट एवं असनाहा पंचायत के डुमरीथरी में सरकारी जमीन उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों के पंचायत के ग्रामों में एच०एस०सी० (हेल्थ सब-सेंटर) के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------------

मुआवजा दिया जाना

*2511. श्री शम्भु नाथ यादव (क्षेत्र संख्या-199 ब्रहमपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के डुमराँव, अनुमण्डल के नावानगर थाना-ओपी सोनवर्षा अन्तर्गत ग्राम-कतलपुर के मुत्यंजय कुमार पाण्डेय, पिता-स्व० शशि भूषण कुमार पाण्डेय की दिनांक 26 जुलाई, 2022 को बिजली के तार से मृत्यु हो गयी थी, जिसका एफ०आई०आर० क्रम संख्या 595/2002, दिनांक 26 फरवरी, 2023 है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम में बिजली का तार पोल से टूटकर गिर गया था, जिसके कारण उक्त घटना घटित हुयी जिसकी जानकारी बिजली विभाग को दिया गया परंतु अबतक उक्त परिवार को मुआवजा नहीं मिला है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मृतक के आश्रित को मुआवजा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------------

स्वास्थ्य केन्द्र बनवाने

*2512. श्री अशोक कुमार (क्षेत्र संख्या-132 वारिसनगर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत वारिसनगर प्रखण्ड के टारा छतनेश्वर ग्राम में स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने की वजह से स्थानीय मरीजों को इलाज कराने में काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार जनहित में और स्थानीय मरीजों के इलाज में हो रही कठिनाइयों को दूर कराने के लिये यहाँ उपलब्ध भूमि पर स्वास्थ्य केन्द्र बनवाने का इरादा रखती है, हाँ, तो कबतक ?

--------------

समस्याओं का निदान करना

*2513. श्री रामबली सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद में पोस्टमार्टम रूम में लावारिस लाश रखने की जगह और सुरक्षित भेसरा रखने के लिये शीतगृह का निर्माण नहीं होने तथा वहां पर परिजनों को बैठने के लिये शेड, शौचालय और पेयजल की व्यवस्था नहीं होने से काफी समस्याएँ उत्पन्न होती है, यदि हाँ, तो सरकार इन समस्याओं का निदान कबतक करने का क्या सरकार विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------------

उप-स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करना

*2514. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ०ज०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत चैकिया पहाड़पुर में उप-स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है, जबकि मौजा-चैकिया, पहाड़पुर, थाना नं० 360, खाता नं० 819, खेसरा नं० 620, 621, 622, रकबा-34डि० सरकारी जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उप-स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण

*2515. श्री मनोज कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत विधान सभा क्षेत्र कल्याणपुर, प्रखंड कोटवा के पंचायत अहिरौलिया में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अहिरौलिया स्वीकृत है, परंतु अपना भवन नहीं होने के कारण ग्रमीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रहना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अहिरौलिया का भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पर्यटक की सुविधा उपलब्ध कराया जाना

*2516. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखंड के ग्राम-फेटकी कुट्टी में कमला बलान नदी के तट के निकट मिथिला के सुदूर क्षेत्रों से आये श्रद्धालुओं द्वारा एक माह (कार्तिक मास) का कल्पवास प्रत्येक वर्ष किया जाता है, यदि हाँ, तो सरकार फेटकी कुट्टी स्थित कल्पवास की अवधि में समुचित पर्यटन सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्रान्सफॉर्मर लगाना

*2517. श्री मुरारी मोहन झा (क्षेत्र संख्या-86 केवटी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत सिंहवाड़ा प्रखंड के टेकटार पंचायत के मधुपुर ग्राम में काली मंदिर के पास लगे कम पावर के ट्रान्सफॉर्मर के कारण विद्युत् उपभोक्ताओं को "लो वोल्टेज" की समस्या से प्रतिदिन गुजरना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार हाई पावर का ट्रान्सफॉर्मर उक्त जगह पर कबतक लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उचित मशीन की व्यवस्था करना

*2518. श्रीमती अरूणा देवी (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा, नालन्दा एवं शेखपुरा जिला के लिये एकमात्र पावापुरी मेडिकल कॉलेज में तीनों जिलों में होने वाले सड़क दुर्घटना में Neuro से प्रभावित अधिकांश मरीज आते हैं परंतु सुविधा के अभाव में मरीज को यहाँ से पटना रेफर कर दिया जाता है तथा इस अस्पताल से पटना की दूरी अधिक रहने के कारण मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पावापुरी मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञ डॉक्टर एवं उचित मशीन की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

त्रुटिपूर्ण बिजली बिल को ठीक कराना

*2519. श्री सुदामा प्रसाद (क्षेत्र संख्या-196 तरारी)--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र दिनांक 5 फरवरी, 2023 को प्रकाशित शीर्षक "मीटर में गड़बड़ी से आ रहा अधिक बिल" के आलोक में क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूरे राज्य एवं भोजपुर जिला में बिजली उपभोक्ताओं का नियमित तौर पर बिना मीटर रीडिंग लिये एवं मीटर में गड़बड़ी के कारण बिजली बिल अधिक आ रहा है, परन्तु इस संबंध में समुचित कार्रवाई नहीं करने का कारण बिजली उपभोक्ता परेशान है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जाँच कराकर मीटर की गड़बड़ी को दूर करने तथा नियमित मीटर रीडिंग कराने के साथ उपभोक्ताओं के बिजली बिल के त्रुटि को ठीक कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कार्य पूर्ण करवाना

*2520. श्री जय प्रकाश यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत नरपतगंज नगर पंचायत व पूर्व के मधुरा दक्षिण पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य लगभग 22 लाख रुपये के व्यय के बावजूद भी अधूरा पड़ा हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि योजना एवं विकास विभाग द्वारा योजनाओं का कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण किये जाने के क्रम में विभाग के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन एक अभियंत्रण संभाग (स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन) गठित है, जो राज्य सरकार के सभी विभागों के बीच समन्वयक का कार्य करता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अर्द्धनिर्मित पंचायत सरकार भवन का स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन द्वारा जाँच करवाकर निर्माण कार्य पूर्ण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी के विरुद्ध कार्रवाई

*2521. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभूतिपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि निदेशालय, स्वास्थ्य सेवायें, बिहार, पटना के पत्र संख्या 1199(4), दिनांक 11 अगस्त, 2022 द्वारा तत्कालीन सिविल सर्जन, पटना के द्वारा जून, 2022 में किये गये स्थानांतरण की जाँच के लिये कमिटी का गठन किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि जाँच कमिटी द्वारा पत्रांक 180, दिनांक 5 दिसम्बर, 2022 के माध्यम से प्रस्तुत प्रतिवेदन में तत्कालीन सिविल सर्जन, पटना द्वारा किये गये सभी संवर्ग का स्थानांतरण को अनियमित एवं दोषपूर्ण माना गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अनियमित एवं दोषपूर्ण स्थानांतरण को रद्द कर, दोषी पदाधिकारी एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

धार्मिक न्यास का प्रत्यावर्तन

*2522. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही अंचल के मुरहदी मौजा स्थित श्री ठाकुर जी रामजानकी के खाता संख्या 1305, खेसरा संख्या 1972 को रामजानकी के जमाबंदी संख्या 81/82 से अलग करवाकर जमाबंदी संख्या 1475 कायम कराते हुये अतिक्रमित कर लिया गया है, जो अतिक्रमण मुक्त नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि हिन्दू धार्मिक न्यास विधेयक में बिहार अधिनियम, 1, 1951 की धारा 44 में हुये संशोधन के अनुरूप न्यास के सभी अंचल सम्पत्तियाँ न्यायाधिकरण के द्वारा विहित प्रक्रिया के अनुसार सभी अतिक्रमण भूमि को लोक भूमि की श्रेणी में लेते हुये धार्मिक न्यास को प्रत्यावर्तित कराने का प्रावधान है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जमाबंदी संख्या 1475 की भूमि को लोक भूमि की श्रेणी में लेते हुये धार्मिक न्यास को प्रत्यावर्तित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

एम्बुलेंस की गुणवत्ता

*2523. श्री पवन कुमार जायसवाल (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में निविदा सं० SHSB/EMS/2016, दिनांक 30 जनवरी, 2016 के तहत करीब 1600 संचालित 102 एम्बुलेंस के लिये सरकार द्वारा प्रतिमाह प्रति एम्बुलेंस-शव वाहन औसतन राशि 1 लाख 47 हजार 153 रुपये का भुगतान करती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में 2125 एम्बुलेंसों के संचालन हेतु नई निविदा 01/SHSB/PPP/ (Ambulance) 2022-2023 के तहत वर्तमान सेवा प्रदाता ही चयनित है जो 06 वर्ष पूर्व संचालन दर से तकरीबन 21.71% कम औसत दर से 1 लाख 16 हजार 670 रुपये है, जिस कारण सेवा की गुणवत्ता बरकरार रखना कठिन है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार एम्बुलेंस की गुणवत्ता बरकरार रखने के लिये कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

भवन का निर्माण कराना

*2524. श्रीमती बीमा भारती (क्षेत्र संख्या-60 रूपौली)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत भवानीपुर प्रखंड के पावर सब-स्टेशन दरगाह का कार्यालय भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिसमें रहने वाले कर्मचारी के साथ कभी भी अप्रिय घटना हो सकती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

एक्स-रे मशीन चालू कराना

*2525. श्री नारायण प्रसाद (क्षेत्र संख्या-6 नौतन)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला के रेफरल अस्पताल, नौतन एवं बैरिया में एक्स-रे मशीन नवम्बर, 2022 से बंद होने के कारण मरीजों को बहुत परेशानी हो रही है तथा समुचित इलाज में दिक्कत आ रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों रेफरल अस्पतालों में एक्स-रे मशीन चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

मुआवजा देना

*2526. श्री संजय सरावगी (क्षेत्र संख्या-83 दरभंगा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कोविड-19 से हुये मृत्यु पर सरकार द्वारा मृतक के परिजनों को साढ़े चार लाख रुपये की राशि देने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा सदर प्रखंड अंतर्गत शाहवाजपुर पंचायत के ग्राम मब्बी के सरयुग प्रसाद, पिता स्व० कृष्णा प्रसाद की मृत्यु 8 अगस्त 2020 को समफोर्ड हॉस्पिटल, पटना एवं शीशी

पश्चिमी पंचायत के ग्राम मखनाही निवासी दीपनारायण सिंह, पिता रामचरित्र सिंह को मृत्यु 21 जून, 2021 को इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना में कोविड 19 के कारण हो गई थी परंतु इन मृतकों के परिजन को देय सरकारी सहायता राशि अभीतक मिली है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक मृतकों के परिजनों को मुआवजा देना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

वायर को बदलना

*2527. श्री नारायण प्रसाद (क्षेत्र संख्या-6 नौतन)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत नगर निगम, वार्ड नंबर-22 में के०आर०पीच रोड से पिउनीबाग मुहल्ला में 11000 वोल्ट का नंगा तार ले जाकर विद्युत् आपूर्ति की जा रही है, जिससे घनी आबादी के उक्त स्थान पर सदैव दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान के वायर को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चिकन पॉक्स का उन्मूलन

*2528. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभुतिपुर)--स्थानीय हिन्दी समाचार-पत्र दिनांक 09 जनवरी, 2023 को प्रकाशित शीर्षक ''अररिया में चिकन पॉक्स से युवक की मौत, 8 बच्चों समेत 10 बीमार'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत कुर्साकांटा प्रखंड के लक्ष्मीपुर पंचायत अन्तर्गत ग्राम महेशखुट में चिकन पॉक्स का प्रकोप है, जिससे 8 बच्चों समेत 10 बीमार लोगों का इलाज पूर्णियाँ के निजी अस्पताल में चल रहा है जबकि सरकारी रिपोर्ट के अनुसार पूरे प्रदेश में चिकन पॉक्स का उन्मूलन हो चुका है, यदि हाँ, तो सरकार राज्य में उक्त बीमारी के दूर करने के लिये ठोस कदम उठाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्वास्थ्य उप-केन्द्र भवन का निर्माण

*2529. श्री पवन कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के गोराडीह प्रखंड अंतर्गत स्वास्थ्य उप-केन्द्र मुरहन का अपना भवन नहीं होने के कारण स्वास्थ्य उप-केन्द्र पंचायत भवन के एक कमरे में संचालित होता है, जबकि यहां स्वास्थ्य केन्द्र के लिये सरकारी भूमि उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मुरहन में स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कुंड का सौन्दर्यीकरण

*2530. श्री राजेश कुमार गुप्ता (क्षेत्र संख्या-208 सासाराम)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम में माझर कुंड स्थित है, जहां प्रति वर्ष हजारों श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं, परन्तु कुण्ड का सौन्दर्यीकरण अबतक नहीं होने से श्रद्धालुओं को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार रोहतास जिलान्तर्गत सासाराम माझर कुंड का सौन्दींकरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित अस्पताल का निर्माण

*2531. श्री अनिल कुमार (क्षेत्र संख्या-231 टिकारी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत टिकारी प्रखंड के मऊ बाजार की आबादी 10 हजार से अधिक है जहां अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में 100 बेड नहीं है, जबकि अस्पताल को उत्क्रमित करने हेतु जमीन मौजूद है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मऊ बाजार स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को 100 बेड का अस्पताल में उत्क्रमित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करना

*2532. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मेहसी प्रखंड अन्तर्गत बालाकोठी चौक पर प्राचीन शिव मंदिर, लाखों श्रद्धालु भक्तों के आस्था का केन्द्र है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त धार्मिक स्थल पर हर साल लाखों लोग आकर आराध्य शिव का जलाभिषेक करते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त धार्मिक स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण

*2533. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत फरकिया के ग्राम-फरकिया में एक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत है तथा जमीन भी उपलब्ध है, लेकिन अबतक भवन का निर्माण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, फरकिया का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

आश्रितों को सरकारी मुआवजा

'घ'-*2534. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के शाहपुर पटोरी प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-इमन सराय की मदीना खातुन, पति-मो० जफीरउद्दीन का निधन दिनांक 15 जनवरी, 2021 को पी०एम०सी०एच०, पटना में कोरोना के कारण हो गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त मरीज का दिनांक 13 जनवरी, 2022 को पटना स्थित जगदीश मेमोरियल अस्पताल में हुये एन्टीजन टेस्ट में कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया था ;

(3) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त मृतक के परिवार को सरकारी मुआवजा की राशि अभीतक प्राप्त नहीं हुयी है जिससे परिवार की स्थिति दयनीय है ;

(4) यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपर्युक्त मृतक के आश्रितों को सरकारी मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

दोषी अधिकारी पर कार्रवाई

*2535. श्री मिथिलेश कुमार (क्षेत्र संख्या-28 सीतामढ़ी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी के डुमरा प्रखंड में निर्मित जी०एन०एम० कॉलेज का उद्घाटन स्थानीय जन-प्रतिनिधि से सरकारी नियम के अनुसार अबतक नहीं कराया गया है जबकि अध्ययन-अध्यापन का कार्य प्रारम्भ है, यदि हाँ, तो संबंधित दोषी अधिकारी पर सरकार कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट— 'घ'- आपदा प्रबंधन विभाग के ज्ञापांक 935, दिनांक 2 मार्च, 2023 द्वारा स्वास्थ्य विभाग में स्थानान्तरित ।

वेतनमान निर्धारित करना

*2536. श्री विजय कुमार (क्षेत्र संख्या-169 शेखपुरा)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि महाप्रशासक एवं राजकीय प्रशासी के स्थायी पद का दिनांक 1 अप्रील, 1964 में अंशकालीन वेतन तीन सौ रुपये निर्धारित किया गया था और बिहार में महाप्रशासक एवं राजकीय प्रशासी के पद का कोई रैंक (समकक्षता) निर्धारित नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि महाप्रशासक एवं राजकीय प्रशासी का रैंक उत्तराखंड में जुडिशियल सर्विस के समकक्ष, महाराष्ट्र, मुंबई में जिला जज के समकक्ष, तमिलनाडु में जिला जज के समकक्ष है तथा तीनों ही राज्यों में समकक्षता के अनुरूप वेतनमान निर्धारित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार महाप्रशासक एवं राजकीय प्रशासी, बिहार के पद के लिये रैंक (समकक्षता) निर्धारित कर वेतनमान निर्धारित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक रूप से स्वीकारात्मक। महाप्रशासक एवं राजकीय प्रशासी, बिहार का अंशकालीन वेतन वित्त विभाग के संकल्प संख्या पी०आर०-जी०2-85/65-532.एफ.II, दिनांक 17 अगस्त, 1965 द्वारा निर्धारित है। यह वेतन, विधि विभाग के पत्रांक 4454/जे०, दिनांक 7 अक्टूबर, 1966 द्वारा उक्त पद को अस्थायी अंशकालीन से स्थायी अंशकालीन किये जाने के प्रभावी तिथि 01 मार्च, 1965 से लागू है।

(2) इस संबंध में संबंधित राज्यों से सूचना प्राप्त करने हेतु पत्राचार किया जा रहा है।

(3) महाप्रशासक एवं राजकीय प्रशासी, बिहार के वेतन की बढ़ोतरी का मामला विचाराधीन है। परन्तु रैंक के संबंध में वर्तमान में कोई मामला विचाराधीन नहीं है।

-------------

सी०एस०आर० की निर्धारित राशि से विकास कार्य नहीं करने का औचित्य

*2537. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के नवीनगर स्थित विद्युत् ताप गृह की एन०पी०जी०सी० परियोजना, बारूण प्रखंड के लगभग 70 प्रतिशत भूमि को प्रभावित करती है, परंतु एन०पी०जी०सी० के द्वारा सी०एस०आर० की राशि से नवीनगर विधान सभा के बारूण प्रखंड में विकास के कार्य नहीं किये जाने से क्षेत्र की जनता में असंतोष है, यदि हाँ, तो नियमानुकूल एन०पी०जी०सी० के द्वारा नवीनगर विधान सभा क्षेत्र के विकास के लिये सी०एस०आर० की निर्धारित राशि से विकास नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

-------------

विशेषज्ञ डॉक्टर की नियुक्ति

*2538. श्री मनोज मंजिल (क्षेत्र संख्या-195 अगिआँव (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखंड चरपोखरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रतिनियुक्त डॉक्टर अमरेन्द्र कुमार और डॉक्टर विकास कुमार बिना किसी सूचना के विगत् लगभग दो सालों से ड्यूटी नहीं कर रहे हैं एवं डॉक्टर हेमंत कुमार 3 महीने पहले ज्वाईनिंग के बाद से ही ड्यूटी पर नहीं आये हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चरपोखरी में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं रहने के कारण सिजेरियन डिलीवरी की व्यवस्था नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त डॉक्टरों पर बिना किसी सूचना के गायब रहने पर न्यायोचित कार्रवाई करने और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चरपोखरी में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर की नियुक्ति का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दिव्यांग आयोग का गठन

*2539. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में 51 लाख दिव्यांगों की संख्या है जिनके वास्तविक समस्याओं को अबतक चिन्हित नहीं किया जा सका है जिसके कारण सरकार की ओर से उचित सहायता नहीं मिलने से दिव्यांगजनों में निराशा उत्पन्न हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक दिव्यांगजनों के सहायतार्थ कबतक दिव्यांग आयोग के गठन का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सेवा में बने रहने का औचित्य

*2540. श्री अमर कुमार पासवान (क्षेत्र संख्या-91 बोचहाँ (अ0जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार के पत्रांक आर0सं0-4/विधि0 8-81/08556(4)/बिहार, पटना, दिनांक 17 मार्च, 2011 द्वारा श्री नरेन्द्र लाल देव (टीकाकार), क्षेत्र उप-निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, तिहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर एवं अन्य 21 कर्मी को पद विमुक्त करने हेतु अनुशंसा किया गया है, किन्तु स्वास्थ्य विभाग के द्वारा पद विमुक्त आदेश के बाद भी उक्त कर्मी अवैध तरीके से कार्य कर रहे है और इस बीच कुछ कर्मी के सेवानिवृत्ति के बाद उनके द्वारा पेंशन का लाभ भी लिया जा रहा है, यदि हाँ, तो इन स्वास्थ्य कर्मियों को सेवा में अबतक बनाये रखने एवं सेवा निवृत्ति लाभ दिए जाने का क्या औचित्य है ?

--------

महत्वपूर्ण संसाधन उपलब्ध कराना

*2541. श्री सुर्यकान्त पासवान (क्षेत्र संख्या-147 बखरी (अ0 जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलांतर्गत गढ़पुरा प्रखंड की डेढ़ लाख आबादी में गंभीर रूप से बीमार मरीजों के इलाज के लिए गढ़पुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सीय संसाधन का घोर अभाव है, जिसके कारण प्रखंड के लोगों को इलाज के लिए बेगूसराय जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार गढ़पुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भवन बेड सहित अन्य महत्वपूर्ण संसाधन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य उप-केन्द्र खोलना

*2542. श्री राजीव कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-164 तारापुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि हवेली खड़गपुर प्रखंड अंतर्गत मंझगाई पंचायत अवस्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र, रयपुरा बाजार में चिकित्सक/स्वास्थ्य कर्मियों की कमी के कारण प्रसव कराने आए ग्रामीण मरीजों एवं अन्य मरीजों को काफी परेशानी होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र में इलाज के लिए घनी आबादी वाले मंझगाई पंचायत के अलावे अन्य पंचायत के लोग भी आते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र में पर्याप्त चिकित्सक/स्वास्थ्य कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए वहाँ पर एक अतिरिक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पटना :
दिनांक 24 मार्च, 2023 (ई0) ।

पवन कुमार पाण्डेय,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि0स0मु0-100-(एल0ए0)-2022-23-डी0टी0पी0-550